# जिले में बनाए गए 11 नए मतदान केन्द्र, 23 के बदले स्थान

- मतदाता सूची का हुआ आरंभिक प्रकाशन, राजनैतिक दल प्रतिनिधियों को सौंपी गयी सूची
- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने ली राजनैतिक दलों की बैठक
- मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हुआ शुरु
- विशेष ग्राम सभा आयोजित कर मतदाता सूची का किया जा रहा वाचन



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें आगामी निर्वाचन के संबंध में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन एवं मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रतिनिधियों को आरंभिक मतदाता सूची की प्रति भी प्रदान की गयी।

कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में कहा कि आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत आज जिले में मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का प्रकाशन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में पुराने 1074 मतदान केन्द्र थे। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग की स्वीकृति के पश्चात 11 मतदान केन्द्र और नये जुड़े है। इसी तरह 25 स्थल परिवर्तन, 23 भवन परिवर्तन, 23 मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन, 01 अनुभाग परिवर्तन एवं 4 अनुभाग के नामकरण में परिवर्तन हुआ है। उन्होंने कहा कि आज 2 अगस्त से मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का काम शुरू हो गया है। 01 अक्टूबर 2023 की अवधि में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी नये मतदाताओं का नाम जोड़ा जाएगा। मतदाता सूची में नाम जोडने, कटवाने, त्रुटि सुधार जैसे सभी कार्य किए जायेंगे। इस मौके पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की प्रतियां भी उपलब्ध करायी गईं।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के प्रकाशन और उससे संबंधित दावा आपत्तियों के निराकरण के लिए समय सारणी जारी की गई हैं। जिसके अनुसार आज 2 अगस्त से 31 अगस्त 2023 तक मतदाता सूची संबंधी दावा आपत्तियां ली जाएंगी। इस बीच 12 व 13 अगस्त तथा 19 व 20 अगस्त को मतदान केंद्र स्तर में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। दावा-आपत्ति का निराकरण कर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर 2023 को किया जाएगा।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर ऋतु हेमनानी, अनिल शुक्ला, विलीस गुप्ता, चंद्रेश साहू, प्रिंकल दास, लल्लू सिंह, पिन्टू सिंह, पवन शर्मा, अमरदीप सिंह, शुभम ठाकुर, सूरज पटेल, भरत दुबे, सरजू अजगल्ले, दलबीर सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

भारत निर्वाचन के एप में भी कर सकते है ऑनलाईन आवेदन, टोल फ्री नंबर 1950 में कर सकते है कॉल

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि भारत निर्वाचन द्वारा तैयार की गई एप के माध्यम से भी मतदाता अपना ऑनलाईन आवेदन कर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते है। अगर इसमें किसी प्रकार की कठिनाई होती है तो जिले के लिए जारी टोल फ्री नंबर 1950 में संपर्क कर समस्या का समाधान कर सकते है।

**जिले में चलाया जा रहा है स्वीप कार्यक्रम-** कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाये जाने के उद्देश्य से जिले में लगातार स्वीप कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसके माध्यम से ईवीएम एवं वीवीपीएटी मशीन के उपयोग के बारे में जानकारी दी जा रही है। स्वीप सतरंगी माह कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखण्डों में मतदाता जागरूकता रैली, व्याख्यान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**विशेष ग्राम सभा आयोजित कर मतदाता सूची का हो रहा वाचन-** 2 अगस्त को मतदाता सूची के आरंभिक प्रकाशन के साथ जिले के सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर वहां मतदाता सूची का वाचन किया जा रहा है। इसके साथ ही मतदाता सूची से जुड़ी दावा-आपत्तियां भी ली जाएंगी। जिसका निराकरण कर आगामी 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बिच्छू के काटने से 8 वर्षीया मासूम की दर्दनाक मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** गोबरा नवापारा नगर के खोलीपारा में रहने वाली 8 साल की मासूम बच्ची की बिच्छू काटने से अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार गोबरा नवापारा के सुभाष चौक में सब्जी का पसरा लगाने वाले केशव सोनकर निवासी खोलीपारा गोबरा नवापारा की 8 साल की बच्ची आरती को रविवार रात 8 बजे उस वक्त बिच्छू ने काट लिया, जब वह जूता पहन रही थी। दरअसल, बिच्छू जूता के भीतर मौजूद था. बच्ची को बिच्छू काटने की जानकारी होते ही परिजन उसे लेकर नगर के एक अस्पताल ले गए। जहां से उसे रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था. यहां आज मासूम बच्ची की मौत हो गई। मासूम बच्ची की मौत होने की खबर से उसके परिजनों के साथ-साथ समूचे खोलीपारा इलाके में शोक का माहौल व्याप्त है।

### चिटफंड पीड़ितों को 4 करोड़ 13 लाख 88 हजार 996 रुपए की राशि लौटाई गई

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा चिटफंड पीड़ित निवेशकों को न्याय दिलाने शुरू किए गए न्याय कार्यक्रम के तहत आज 35 हजार 378 पीड़ित निवेशकों को 4 करोड़ 13 लाख 88 हजार 996 रुपए की राशि लौटाई गई। अब तक 81 हजार 204 पीड़ित निवेशकों को 37 करोड़ 92 लाख 99 हजार 656 रुपए की राशि लौटाई गई है। छत्तीसगढ़ के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत कार्रवाई की गई है। 208 चिटफंड कंपनियों के खिलाफ 462 प्रकरण दर्ज हैं,700 से अधिक डायरेक्टर्स/ पदाधिकारियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### पीएम आवास योजना को लेकर सीएम ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रतीक्षा सूची के शेष आवासों के लिए लक्ष्य आवंटित करने का अनुरोध करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र प्रेषित किया है। पीएम के नाम लिखे पत्र में मुख्यमंत्री बघेल ने लिखा है कि 8 लाख 19 हजार 999 हितग्राही परिवारों के लिए भी लक्ष्य आवंटित करने का उल्लेखत करते हुए कहा कि प्रदेश में वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजनातर्गत कुल 18,75,585 हितग्राही भारत सरकार की सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना-2011 (एसईसीसी-2011 ) की स्थायी प्रतीक्षा सूची ग्रामीण में दर्ज है। उपरोक्त सूची से वर्ष 2016-2023 तक कुल 11,76,146 हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। स्वीकृति पश्चात् योजना में लगभग 73.5 प्रतिशत (8,63,567) आवास निर्माण सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। इस प्रकार स्थायी प्रतीक्षा सूची 6,99,439 लक्ष्य प्राप्ति हेतु शेष है। यह भी कि वर्ष 2021-22 हेतु आवंटित 7,81,999 आवास के लक्ष्य को भारत सरकार द्वारा वापस ले लिया गया। इस लक्ष्य को राज्य को पुन: आवंटित करने हेतु राज्य शासन के पत्र क्रमांक 5026 दिनांक 18.08.2022 के माध्यम से भारत सरकार को इन आवास को किश्तों में देने का अनुरोध किया गया है, किन्तु भारत सरकार की ओर से कृत कार्यवाही की जानकारी आज दिनांक तक अपेक्षित है। मात्र वर्ष 2022-23 में 79,000 आवास का ही लक्ष्य दिया गया है।

### इंस्पेक्टर अंबर सिंह ने कनाडा में जीता गोल्ड

**रायपुर (आरएनएस)।** इंस्पेक्टर अम्बर सिंह भारद्वाज ने कनाडा में आयोजित पुलिस गेम में एक गोल्ड व एक सिल्वर मेडल जीतकर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। कनाडा जाने के पूर्व अंबर सिंह भारद्वाज बेमेतरा कोतवाली में पदस्थ थे। वर्तमान में उनका स्थानांतरण दुर्ग हो गया है। भारद्वाज को छत्तीसगढ़ पुलिस की शान कहा जाता है।

# माह जुलाई में रायगढ़ पुलिस ने 103 फरार स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल, 17 नए बदमाशों को लाया गया गुंडा बदमाशों की सूची में

- झगड़ा विवाद में लिप्त पाए गए 188 व्यक्तियों पर 151 सीआरपीसी की कार्यवाही के साथ 2372 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**रायगढ़।** आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा के सतत मॉनिटरिंग पर जिले में गुंडा बदमाश, आदतन आरोपियों तथा झगड़ा, मारपीट, शांति भंग करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है। बीते जुलाई माह में रायगढ़ जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत आदतन बदमाशों की वर्तमान गतिविधियों को देखेत हुये 17 नये बदमाशों के नाम गुण्डा बदमाशों की सूची में लाया गया। वहीं अपराधिक घटनाओं से दरकिनार रहने वाले पुराने 3 बदमाशों के नाम गुंडा सूची से हटाया भी गया है।

निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा लंबित मामलों में फरार चल रहे आरोपियों एवं जिले के फरार वारंटियों की शत प्रतिशत गिरफ्तारी के निर्देशों पर अभियान चलाकर इस माह 103 फरार स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है जिनमें कई वारंटी लंबे समय से फरार थे। ऐसे भी वारंटियों को पकड़ा गया है जो करीब 13 साल से भी पुराने मामलों में वांछित थे।

इसी प्रकार माह जुलाई में झगड़ा विवाद में लिप्त 188 व्यक्तियों पर 151 सीआरपीसी की कार्यवाही कर जेल भेजा गया है। वहीं थानों को प्राप्त होने वाले शिकायती आवेदन, गांव के पानी निस्तारी, जमीन विवाद, सामान्य झगड़े आदि पर शांति व्यवस्था बनाये रखने 1868 प्रकरण प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के तैयार कर 2372 व्यक्तियों पर प्रतिबंधक कार्यवाही किया गया है जिनमें चिन्हांकित 609 व्यक्तियों को बंधपत्र (Bind Over) कराया गया है जिससे वे आगे शांति भंग करते पाये जाते हैं तो उन पर आगे न्यायालयीन कार्यवाही की जा सके।

अवैध शराब, जुआ सट्टा पर इस माह भी जिला पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी रही। माह जुलाई में विभिन्न थानाक्षेत्र अंतगर्त 244 अवैध शराब के प्रकरणों में 896 लीटर देशी/विदेशी शराब की जब्ती की गई है जिनका अनुमानित कीमत रु.1,57,135 है। जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश की दिशा में लगातार वाहन चालकों के ब्रेश एनालाइजर से जांच एवं कार्यवाही की जा रही है विदित हो कि इस माह मोटर व्हीकल एक्ट के तहत रिकार्ड 8115 व्यक्तियों पर विभिन्न मोटर व्हीकल एक्ट की धारा में कार्यवाही कर 28,24,200 रुपये का समन शुल्क वाहन चालकों से वसूल कर राजस्व खाते में जमा कराया गया है, आगामी चुनाव को देखते हुये आगे भी कार्यवाही जारी रहेगा।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए जूनियर डॉक्टर्स, सरकारी अस्पतालों में इलाज प्रभावित

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के जूनियर्स डॉक्टर्स अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इससे सरकारी अस्पतालों में इलाज प्रभावित हुआ है। प्रदेश के सबसे बड़े अंबेडकर अस्पताल के जूनियर डॉक्टर्स और पोस्ट पीजी रेजिडेंट्स आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं।

स्टाइपेंड और बॉन्ड कम करने की मांग को लेकर ये हड़ताल की जा रही है। प्रदेश में जूनियर डॉक्टर्स की संख्या 3 हजार से ज्यादा है। ये सभी प्रदेश अलग-अलग जिलों के मेडिकल कॉलेज में पढ़ते हैं।

हालांकि इमरजेंसी सर्विसेस में योददान देंगे लेकिन इसके बाद भी कोई फैसला शासन की तरफ से नहीं आता तब पूरी तरह से सारी सेवाएं बंद कर दी जाएंगी। इसमें सभी सरकारी कॉलेज के लगभग 3 हजार पीजी, इंटर्न, बॉन्ड भरे हुए डॉक्टर्स काम बंद कर देंगे। इसके अलावा पोस्ट पीजी के रेजिडेंट्स को भी कम मानदेय दिया जा रहा है इसलिए वे ही जूडॉ के साथ हड़ताल पर रहेंगे।

रायपुर के अलावा सरगुजा, कांकेर, जगदलपुर, रायगढ़ और राजनांदगांव के सरकारी मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर्स भी काम बंद कर हड़ताल पर चले गए हैं। इससे पहले एक हफ्ते तक अपनी मांगों को लेकर जूनियर डॉक्टर्स ने अस्पताल में काली पट्टी लगाकर मरीजों का इलाज किया।

## चोरी की मोटर सायकल के साथ आरोपी गिरफ्तार, घरघोड़ा पुलिस ने भेजा रिमांड पर

**रायगढ़।** थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा के नेतृत्व में घरघोड़ा पुलिस द्वारा चोरी की बाइक बेचने की फिराक में घूम रहे संदिग्ध युवक को ग्राम झांकादरहा में गिरफ्तार किया गया जिससे एक चोरी की मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स बरामद किया गया है।

वाहन चोरी को लेकर प्रार्थी रामयाद यादव निवासी वार्ड नं- 14 घरघोडा, जिला रायगढ के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 16.07.2023 को बगीचा के सामने मेन रोड में खड़ी मो.सा. एच एफ डिलक्स क्रमांक CG 14MH 3562 कीमती 50,000रू. को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया था, प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में अपराध क्रमांक 314/23 धारा 379 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दौरान दिनांक 02.08.23 को मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम झांकादरहा का संदीप तिर्की मो.सा. बिक्री हेतु ग्राहक खोज रहा है, कि सूचना पर ग्राम झांकादरहा जाकर संदेही का पतासाजी किया जो गांव में घुमते मिले जिन्हे तलब कर बारीकी से पुछताछ की गई जो अपराध का घटित करना कबुल करते हुये मो.सा. एच एफ डिलक्स क्रमांक CG 14MH 3562 कीमती 50,000रू. को अपने घर से निकाल कर पेश किया जिसे जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी संदीप तिर्की के द्वारा अपराध का घटित करना पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल एनटीपीसी लारा के बच्चों ने लिया ट्रैफिक नियमों के पालन करने की शपथ

- यातायात पुलिस व महिला रक्षा टीम के संयुक्त जागरुकता कार्यक्रम में छात्रों को दी गई ट्रैफिक नियमों और गुड-टच बैड टच की जानकारी



**रायगढ़।** दिनांक 01.082023 को थाना पुसौर अंतर्गत गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल एनटीपीसी लारा में यातायात पुलिस एवं महिला सेल द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ट्रैफिक डीएसपी सुशांतो बनर्जी द्वारा छात्र-छात्राओं को छात्र जीवन में अनुशासन का महत्व समझाते हुए शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए अच्छे नागरिक की पहचान नियमों का पालन करने से होना बताते हुए छात्र जीवन से ही यातायात नियमों का पालन कर अच्छे नागरिक का परिचय देने कहा गया। डीएसपी ट्रैफिक सुशांतो बनर्जी द्वारा छात्राओं को ट्रैफिक के बेसिक नियमों की जानकारी दिये और उन्हें उनके परिजनों से भी यातायात नियमों का पालन कराने कहा गया जिससे दुर्घटना से बचा जा सके और सुरक्षित यात्रा हो। कार्यक्रम में डीएसपी ट्रैफिक द्वारा बच्चों को ट्रैफिक नियमों की शपथ भी दिलाया गया और साइबर अपराधों के संबंध में भी जानकारी देकर सोशल मीडिया एवं बैंकिंग फ्रॉड को बताये तथा मोबाइल गेम्स के दुष्प्रभाव बताते हुये पढाई में ध्यान देना बताये।

## 4 जेडी, 1 डीईओ, 3 संयुक्त संचालक सहित 11 सस्पेंड

- संशोधन में खेला करने वाले अफसरों की खुल गई पोल




**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में शिक्षक पोस्टिंग संशोधन घोटाले में अब तक सबसे बड़ी कार्रवाई हुई है। सूबे में शिक्षा विभाग में एक साथ इतनी बड़ी कार्रवाई नहीं हुई। प्रमोशन में संशोधन के नाम पर बड़े पैमाने पर हुई धांधली मामले में अब तक 4 संयुक्त संचालक, 1 ष्ठश्वह, तीन सहायक संचालक, एक डाईट प्राचार्य और दो क्चश्वह को सस्पेंड किया गया है। शिक्षा विभाग में पदस्थापना संशोधन घोटाले की आंच कहां तक जायेगी, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। मंत्री भी मानते हैं कि बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हुई है, जिस पर कार्रवाई की जानकारी जरूरी है। एक मामले को लेकर अब तक 11 अफसरों के खिलाफ कार्रवाई का छत्तीसगढ़ में ये पहला मामला है। रायपुर के संयुक्त संचालक, दुर्ग के संयुक्त संचालक, सरगुजा के संयुक्त संचालक और बिलासपुर के संयुक्त संचालक पर कार्रवाई हो चुकी है। बस्तर के संयुक्त संचालक की रिपोर्ट अभी आयी नहीं है। रायपुर में एक साथ 8 अफसरों पर कार्रवाई हुई। कुल मिलाकर अब तक 11 अफसरों पर गाज गिर चुकी है।

रायपुर में 778 आवेदन में से 543 का किया गया संशोधन

रायपुर में एक साथ आठ अफसरों को सस्पेंड करने का आदेश दिया गया है। हालांकि संयुक्त संचालक रायपुर के कुमार का तबादला पिछले दिनों ही हो गया था, लेकिन आरोप है कि जाने से पहले उन्होंने बड़ी संख्या में 543 संशोधन किये। जिन आठ लोगों को सरकार ने निलंबित किया, उन पर आरोप ये था कि प्रमोशन के लिए राज्य सरकार ने जो कमेटी बनायी थी, उसमें तत्कालीन जेडी के कुमार, डीईओ बलौदाबाजार सीएस ध्रुव, डाईट प्राचार्य आरके वर्मा, सहायक संचालक डीएस ध्रुव, सहायक संचालक शैल सिन्हा और सहायक संचालक उषा किरण खलको को शामिल किया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तयागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति से कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## स्वीप सतरंगी माह का उद्देश्य निर्वाचन में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना-कलेक्टर

- युवा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के साथ लोगों को करें जागरूक
- वोटर हेल्पलाइन एप से कर सकते हैं चेक, अपना एवं परिजनों का नाम
- युवाओं ने रखे अपने विचार, कलेक्टर सिन्हा ने दिया पुरस्कार

रायगढ़। स्वीप कार्यक्रम के तहत आज किरोड़ीमल शासकीय महाविद्यालय में 'मतदान जागरूकता में युवाओं की भूमिका' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया था। मुख्य वक्ता के रूप में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा उपस्थित रहें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव भी उपस्थित रहें।

किरोड़ीमल शासकीय महाविद्यालय के सभागार में आयोजित व्याख्यान में कलेक्टर सिन्हा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वीप कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शत-प्रतिशत युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोडऩे एवं मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने में युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करना हैं। उन्होंने कहा कि युवा अपना नाम ऑनलाइन माध्यम में भारत निर्वाचन आयोग के 'वोटर हेल्पलाइन एप' के माध्यम से आसानी से जुड़वा सकते हैं। इसी तरह ऑफलाइन बीएलओ के माध्यम से जुड़वा सकते हैं। साथ ही अपने परिजनों का नाम मतदाता सूची में हैं या नहीं चेक कर सकते हैं। इससे संबंधित समस्या होने पर टोल फ्री नंबर 1950 में कॉल कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को निर्वाचन आयोग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं बदलाव की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कलेक्टर सिन्हा ने निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान के लिए उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलवायी।

सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए निर्वाचन को परिभाषित किए। उन्होंने कहा कि आज़ादी के बाद हमें यह अधिकार मिला हैं। चुनाव ही हमारी आजादी है, इसलिए अपने चुनाव के अधिकार का सही उपयोग करें।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु हेमनानी, डिप्टी कलेक्टर रेखा चंद्रा, निर्वाचन पर्यवेक्षक फकीर मोहन षडंगी, प्राचार्य डॉ.प्रीतिबाला बैस, जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल एवं महाविद्यालीन प्राध्यापक उपस्थित रहें।

**युवाओं ने रखे अपने विचार, कलेक्टर सिन्हा ने दिया पुरस्कार-** आयोजित व्याख्यान में महाविद्यालय के नवीन दुबे, सोनम सिंह राजपूत ने 'मतदान जागरूकता में युवाओं की भूमिका' पर अपने ने विचार रखें। उन्होंने निर्वाचन में युवा, महिलाओं की भूमिका के साथ ही आस-पास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना कितना महत्वपूर्ण है बताते हुए, वोट का महत्व, रैली एवं निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता पर अपने विचार रखें। इस दौरान ईशा यादव एवं सिद्धि गुप्ता ने निर्वाचन से संबंधित गीत प्रस्तुत की। कलेक्टर सिन्हा ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हे पुरस्कार प्रदान किया।